Title: Re: Need to link Lalitpur-Chanderi-Ashoknagar-Guna-Chaabra-Kota with national highways.

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गुना के निवासियों द्वारा ललितपुर से चंदेरी- अशोकनगर-गुना-छबड़ा-कोटा तक राष्ट्रीय महामार्ग से जोड़ने की निरंतर मांग की जा रही है । यह राजमार्ग चन्देरी जैसी प्रसिद्ध नगरी के प्राचीन किले, एशिया के सबसे बड़े हैण्डलूम पार्क जहां की चन्देरी साड़ियाँ विश्व प्रसिद्ध हैं, को ईसागढ़ के आनंदपुर ट्रस्ट जैसे दार्शनिक स्थल से जोड़ने का काम करेगा । संसदीय क्षेत्र के जिला शिवपुरी में प्रसिद्ध माधव नेशनल पार्क, जिला अशोकनगर में प्रसिद्ध ऐतिहासिक चंदेरी नगरी में थूबोनजी, ईसागढ़ में आनंदपुर ट्रस्ट और प्रसिद्ध धार्मिक स्थल करीला धाम है । जिला अशोकनगर में ए क्लास की अनाज मण्डी है जहाँ पर सरबती गेहूं का काफी उत्पादन होता है और जिला गुना में धनिया का उत्पादन होता है और पूरे देश में इसका निर्यात होता है । यह राजमार्ग पर्यटन और रेलवे के लिए राजस्व की दृष्टि से अनुकूल है और इसके निर्माण से मेरे क्षेत्र का समग्र विकास होगा । जिला अशोकनगर को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग जनता द्वारा वर्षों से की जा रही है और मेरा सरकार से निवेदन है कि ललितपुर से चंदेरी-अशोकनगर-गुना-छबड़ा-कोटा को राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से जोड़ने की स्वीकृति दी जाए, जिससे समाज के हर वर्ग को यात्रा करने में सुविधा हो ।